

# सरदार पटेल का योगदान सदैव याद रखा जाएगा : शिवराज

## सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर यूनिटी मार्च का आयोजन



**सिलवानी, 16 नवंबर. युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में शनिवार को सिलवानी विधानसभा क्षेत्र में यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के दौरान विदिशा-रायसेन क्षेत्र के सांसद एवं केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उपस्थित जनों को आत्मनिर्भर भारत का संकल्प दिलाया तथा नशामुक्ति की शपथ दिलाई.**

केंद्रीय मंत्री चौहान, पूर्व मंत्री रामपाल सिंह और भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की. इस दौरान जनसमूह ने भारत माता और राष्ट्रीय एकता के जयकारों से उत्साहपूर्ण वातावरण बनाया. कार्यक्रम में जिले के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा माय भारत केंद्र रायसेन की जिला युवा अधिकारी मोनिका चौधरी सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे.

पदयात्रा के दौरान केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने कहा कि सरदार पटेल ने देश की 562 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर भारत को अटूट एकता का स्वरूप प्रदान किया. उनके योगदान को सदैव याद रखा जाएगा. उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं सामाजिक समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना हम सभी का कर्तव्य है, और यह यूनिटी मार्च उसी उद्देश्य की पूर्ति का महत्वपूर्ण माध्यम है. यात्रा मार्ग पर स्थानीय नागरिकों व सामाजिक संगठनों ने प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा पेयजल एवं अल्पाहार की व्यवस्था की. समापन स्थल पर सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए पूर्व मंत्री सिंह ने कहा कि यह यूनिटी मार्च, सरदार पटेल के प्रति श्रद्धा का प्रतीक होने के साथ-साथ देशहित में कार्य करने का संदेश भी देता है. उन्होंने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया. कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष दीपक रघुवंशी, मंडल अध्यक्ष पप्पू ठाकुर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी शामिल रहे.



### केंद्रीय मंत्री ने आदिवासी के घर किया भोजन

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, पूर्व मंत्री रामपाल सिंह तथा भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने चैनपुर गांव पहुंचकर रामकृष्ण आदिवासी के घर का ग्रह प्रवेश कराकर उनके यहां भोजन किया. भोजन के दौरान आदिवासी परिवार ने पारंपरिक रीति से अतिथियों का स्वागत किया. इस अवसर पर शिवराज सिंह ने कहा हमारा जनजातीय समाज केवल संस्कृति और परंपराओं में ही समृद्ध नहीं है, बल्कि अपने व्यवहार, आत्मीयता और सत्कार में भी अद्वितीय है. अपनेपन, सादगी और प्यार से परोसे गए भोजन ने केवल पेट ही नहीं, मन को भी तृप्त कर दिया. और कढ़ी के अद्भुत स्वाद का तो कहना ही क्या. उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज की इस आत्मीयता और सादगी में भारतीय समाज की असली पहचान बसती है.

# ट्रैक्टर ट्राली-कार में टक्कर, 25 लोग घायल

▶ मोदकपुर से सागर के नोनिया दर्शन करने जा रहे थे, 7 गंभीर

**बेगमगंज, 16 नवंबर. बीती शनिवार की शाम करीब 7 बजे सुल्तानगंज घाटी में ट्रैक्टर ट्राली - कार की भीषण टक्कर में ट्रैक्टर - ट्राली में सवार 25 लोग घायल हो गए, इनमें से 7 की हालत गंभीर बताई जा रही है.**

पुलिस सूत्रों के अनुसार ग्राम मोदकपुर से 40 श्रद्धालु सागर जिले के नोनिया धार्मिक स्थल ट्रैक्टर -ट्रॉली से जा रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार कार से सुल्तानगंज घाटी में ट्रॉली से जोरदार भिड़ंत होने पर करीब 25 श्रद्धालु घायल हो गए, जिनमें 7 यात्रियों गेंदालाल 28 वर्ष, रामकली बाई 70, शांति बाई 35, प्रेमलाल 35, बबलू 5, अंशिका 6 वर्ष को सागर रेफर किया गया है, जबकि निशा 17, लिशा 12, विनीता 17 वर्ष, अनुज 14, अंकेश 8, नेहा 4, हरिबाई 24, अनुष्का 8 वर्ष को भी गंभीर चोटें आने पर सिविल अस्पताल बेगमगंज में भर्ती कराया गया है. अन्य मामूली घायलों का सुल्तानगंज अस्पताल में उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई थी. थाना प्रभारी श्यामराजसिंह ने बताया कि कार चालक नशे में था, जो कार छोड़कर फरार हो गए हैं. सभी 7 घायलों की स्थिति ठीक है, जो सागर के मेडिकल हॉस्पिटल में भर्ती है. पुलिस ने मामला दर्ज कर कार जब्त कर ली है, चालक की तलाश की जा रही है.

### श्रद्धालुओं ने श्रमदान से संवारा मंदिर, की सफाई

**भोपाल, 16 नवंबर.** पटेल नगर रायसेन रोड स्थित दादाजी धाम मंदिर में शनिवार और रविवार को भक्तों ने श्रमदान किया. संवारें अपने मंदिर को कार्यक्रम के तहत मंदिर से जुड़े भक्तों ने श्रमदान किया और सेवा कार्य किए. इस अवसर पर उन्होंने मंदिर परिसर की दीवारों की सफाई की और सभी भगवान को गुनगुने पानी से स्नान कराया गया. रविवार को सभी भगवान को नवीन वस्त्र, ऊनी वस्त्र पहनाए गये एवं बागवानी की साफ-सफाई भक्तों ने दोपहर 12 बजे से शाम 4:30 बजे तक कर मंदिर में सेवा कार्य किया.

# 65 देशों के साहित्यकार और कलाकार आएंगे

▶ रवीन्द्र भवन में विश्वरंग महोत्सव 27 नवंबर से

**नवभारत प्रतिनिधि,**
**भोपाल, 16 नवम्बर. झीलों के शहर भोपाल में नवंबर का अंतिम सप्ताह साहित्य कला और विचारों के बड़े उत्सव का साक्षी बनने जा रहा है। तीन दिवसीय विश्वरंग महोत्सव भोपालवासियों के लिए यादगार लम्बे संजोने वाला है। समारोह में 65 देशों से लगभग 1 हजार रचनाधर्मी, साहित्यकार, कलाकार और विचारक अपनी उपस्थिति देंगे।**

इस वर्ष समारोह की केंद्रीय थीम इक्कीसवीं सदी की चुनौतियां साहित्य संस्कृति और समाज रखी गई है। जिसका उद्देश्य बदलती दुनिया में साहित्य और कला की भूमिका पर गंभीर चिंतन को बढ़ावा देना है। विश्वरंग टैगोर इंटरनेशनल लिटरेचर एंड आर्ट फेस्टिवल का यह सातवां संस्करण है। जिसका आयोजन 27 से 29 नवंबर तक रवींद्र भवन में किया जा रहा है।

विश्वरंग में 28 नवम्बर को युवा पीढ़ी द्वारा बेहद पसंद किए जाने वाले निवेश मार्गदर्शक अंकुर वारिकू और प्रसिद्ध गीतकार स्वानंद किरकिरे युवाओं से अपने अनुभव साझा करेंगे। वहीं 29 नवंबर को चर्चित अभिनेता फैसल मलिक के साथ सान्या मल्होत्रा और दिव्या दत्ता भी मंच पर विचार विमर्श में शामिल होंगी। इसी बीच पूर्व क्रिकेटर और विश्लेषक आकाश चोपड़ा भी अपनी बात रखेंगे। इस बार का ये महोत्सव मनोरंजन और संवाद का आकर्षक मिश्रण से भरपूर होगा।



> जिसमें महोत्सव के समापन पर प्रसिद्ध गायिका सोना मोहपात्रा भी अपनी प्रस्तुतियों से माहौल को सुरों से भरेंगी। लेखक जगत से देवदत्त पटनायक नीलेश मिश्रा ममता कालिया दिव्य प्रकाश दुबे ज्ञान चतुर्वेदी और शिवमूर्ति जैसे चर्चित भारतीय साहित्यकार उपस्थित रहेंगे। अंतरराष्ट्रीय पटल से रामा तक्षक आमिर ओर बन्या नट्सुइशी और मिंग दी जैसे विचारक अपनी दृष्टि साझा करेंगे।

### विश्वरंग के पहले युवरंग में दिखेगी युवाओं की प्रतिभा

**भोपाल.** शिवाजी नगर स्थित दुष्यन्त कुमार स्मारक पांडुलिपि संग्रहालय में कल 17 नवम्बर को काव्य पथ का आयोजन किया जा रहा है. आयोजन में युवा रचनाकार अपनी प्रतिभाओं को प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन शहर में होने वाले विश्वरंग के पूर्व रंग के तहत किया जा रहा है. कार्यक्रम की अध्यक्षता डां वीणा सिन्हा, मुख्य अतिथि बलराम गुमास्ता और विशिष्ट अतिथि मोहन सगोरिया द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम का संचालन माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के छात्र कार्तिकेय पाण्डेय करेंगे। इस आयोजन में रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान और भोपाल स्कूल आफ सोशल साइंसेज के लगभग 35 विद्यार्थी रचना पाठ करेंगे।

# विधायक के साथ आदिवासियों ने किया चक्काजाम

## करंट से हेल्पर की मौत से नाराज लोगों ने किया प्रदर्शन

**बेगमगंज. मड़देवरा गांव में शनिवार की शाम को डीपी से गांव की बिजली सप्लाई चालू करते समय एक हेल्पर की करंट लगने से मौत हो गई. रविवार की सुबह शव का पोस्टमार्टम कराया गया, लेकिन परिजनों एवं उनके साथ आए मृतक के गांव रमपुरा सहित आसपास के गांवों के सैकड़ों आदिवासियों भी पहुंच गए, जिन्होंने शव लेने से इंकार करते हुए घटना के बाद कांग्रेस विधायक देवेंद्र पटेल के नेतृत्व में उन्होंने बिजली कंपनी के कार्यालय के सामने भोपाल - सागर मार्ग पर चक्काजाम कर दिया, जो करीब दो घण्टे तक चला.**

इस दौरान आक्रोशित आदिवासी बिजली कंपनी एवं शासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए न्याय की मांग के साथ मृतक के बड़े पुत्र जितेंद्र आदिवासी को नौकरी और मुआवजा देने की मांग पर अड़े रहे. मौके पर तहसीलदार प्रमोद उइके एवं थानाप्रभारी राजीव उइके पुलिसबल के साथ पहुंच गए ओर उन्होंने मोर्चा संभाला. टीआई राजीव उइके के अनुसार पड़रिया राजाधार ग्राम पंचायत के मड़देरा गांव की बिजली बिल नहीं भरे होने से कटी हुई थी. ग्रामवासियों द्वारा बिल जमा किए जाने के बाद बिजली कंपनी ने गांव की बिजली सप्लाई चालू करने के निर्देश लाइनमैन बलराम रजक को दिए थे, जिसने सहायक लाइनमैन संजय लोधी एवं हेल्पर अर्जुन सिंह आदिवासी को डीपी से गांव की लाइन जोड़ने के लिए भेजा था. लाइन जोड़ने समय उन्होंने बिजली बंद रखने का परमिट ले लिया था, लेकिन समय से पहले ही बिजली चालू होने से लाइन जोड़ रहा हेल्पर अर्जुन सिंह करंट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई. घटना की खबर फैलते ही कोहराम मच गया. सवाल यह उठता है कि जब विद्युतकर्मियों ने बिजली बंद करने का परमिट लिया था, तब बिना उनसे पूछे किस व्यक्ति द्वारा बिजली की सप्लाई चालू की गई, जिसके कारण यह हादसा हुआ. थाना प्रभारी उइके ने बताया कि ने मृतक अर्जुन सिंह आदिवासी पिता दरिया सिंह आदिवासी 42 वर्ष निवासी रमपुरा की पत्नी अंजना बाई, पुत्र जितेंद्र, सचिन एवं पुत्री प्रियंका, आष्टमी चार बच्चे हैं. मृतक अस्थाई रूप से बिजली कंपनी में पिछले करीब 6 साल से हेल्पर का काम करता था. गांव की डीपी से बिजली चालू करने के लिए वह एवं सहायक लाइनमैन संजय लोधी गए थे. मृतक अर्जुन सिंह डीपी से लाइन चालू कर रहा था, तब अचानक बिजली की सप्लाई शुरू हो गई . जिससे करंट की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई पुलिस ने मामला दर्जकर विवेचना में लिया है.



> धरना स्थल पर पहुंचे बिजली कंपनी के जेई नीरज गुप्ता ने कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा उपरांत आंदोलनकारियों को आश्वासन दिया गया कि मृतक को विभागीय कर्मचारियों की ओर से नगद एक लाख एकत्रित करके दिए जा रहे हैं एवं नियमानुसार बिजली कंपनी की ओर से 4 लाख एवं सरकार की ओर से 2 लाख का मुआवजा दिया जाएगा. मृतक के पुत्र को नौकरी एवं एफआईआर दर्ज कराई जा रही है . जांच उपरांत दोषी कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी. विधायक देवेंद्र पटेल एवं आदिवासियों को दिए गए आश्वासन के बाद चक्काजाम खत्म हुआ.

# बाल मेला में बच्चों ने लगाए स्टॉल

**उदयपुरा, 16 नवंबर. चिल्ड्रन पैराडाइस स्कूल में बाल दिवस धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया. पूरे विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगे पोस्टर्स, गुब्बारों और सजावटी झंडियों से सजाया गया था, जिससे बच्चों में विशेष उत्साह दिखाई दिया. कार्यक्रम की शुरुआत प्रात: 11 बजे हुई, जहाँ छात्रों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ— जैसे समूह नृत्य, देशभक्ति गीत, कविताएँ और नाटक—प्रस्तुत किए.**

बच्चों की इन मनोरम प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों का मन मोह लिया. हर प्रस्तुति में बच्चों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और मेहनत साफ झलक रही थी. सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बाद विद्यालय परिसर में एक रंगारंग फन फेयर (बाल मेला) आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों के लिए विभिन्न खेल, गतिविधियाँ और स्टॉल लगाए गए. खाने-पीने के स्टॉल, आर्ट-क्राफ्ट, रिंग थ्रो, गुब्बारा फोड़, मेहंदी और कई मजेदार खेलों ने बच्चों के चेहरे खिलखिला दिए. पूरे मैदान में हँसी, खुशियों और उत्साह का माहौल बना रहा.

### देशभक्ति गीत गाए

> अभिभावकों ने भी बच्चों के साथ गतिविधियों में भाग लिया और कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और सामाजिक जुड़ाव बढ़ाते हैं. प्राचार्य देवी सिंह पटेल ने कार्यक्रम की सफलता पर शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि 'बचपन खुशियों और सीख का सुंदर संगम है, और इस दिन को मनाना बच्चों के मनोबल को मजबूत करता है.'

# मंडीदीप में एक्यूआई 331, रहवासी परेशान

## कंपनियों के प्रदूषण को रोकने में असमर्थ प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

**मंडीदीप, 16 नवंबर. मध्य प्रदेश सरकार प्रदूषण नियंत्रण करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है, लेकिन औद्योगिक नगर मंडीदीप में कंपनियों से निकल रहे जहरीले प्रदूषण को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी रोक नहीं पा रहे हैं.**

इसके चलते बीते दिन एयर इंडेक्स 331 की खतरनाक स्थिति पर पहुंच गया, जिससे शहर के लोगों मे बैचेनी देखी गई. नगर के दर्जनों लोग मास्क का उपयोग करते देखे गए. डॉक्टर आरके तिवारी का कहना है कि शहर में बढ़ते पॉल्यूशन को देखते हुए आवश्यक हो तभी घरों से बाहर निकलें तथा मास्क का उपयोग अवश्य करें. अस्थमा पीड़ितों को अत्यधिक सावधानी बरतने की आवश्यकता पर चिकित्सकों ने जोर दिया है. बता दें कि सड़कों पर धूल की परतें जमी हुई हैं, आज तक इनकी साफ सफाई नहीं की गई भारी वाहनों के हाइवे एवं कच्चे सर्विस मार्ग से निकलने के कारण धूल धुंआ का गुबार शहर में हर समय देखा जा सकता है. सड़कों पर दोनों समय पानी का छिड़काव हो तथा सड़क पर डामरीकरण एवं साफ सफाई हो तो स्थिति में कुछ हद तक सुधार हो सकता है. वही फैक्ट्रियों की चिमनियों से भी निरंतर काला धुंआ निकल रहा है. पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की उन पर मेहरबान बना हुआ है.



> प्रदूषण नियंत्रण करने के शहर में सार्थक प्रयास किया जा रहे हैं शीघ्र ही अंकुश लगाया जाएगा. प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी को निर्देशित किया है कि जहर उगलने वाली कंपनियों पर शीघ्र ही कार्रवाई की जाए
>
> **चंद्रशेखर श्रीवास्तव,**
> एसडीएम गोहरगंज

### महिलाओं के संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए 20 दिवसीय योग शिविर शुरू

**भोपाल.** महिलाओं के शारीरिक मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को मजबूत बनाने के उद्देश्य से योग धर्म साधना केंद्र भोपाल के निर्देशन में नारी शक्ति योग शिविर की शुरुआत की गई। यह शिविर स्वर्ण जयंती पार्क में लगाया गया है। जो कि 20 दिनों तक चलने वाला है। पहली बार आयोजित इस बीस दिवसीय शिविर में सुबह 6 बजकर 30 मिनट से 8 बजकर 30 मिनट तक योगाभ्यास और स्वास्थ्य जागरूकता से जुड़ी जानकारी साझा की जायेगी। आयोजकों के अनुसार अभी तक एक सौ दो महिलाओं ने भागीदारी सुनिश्चित की है.

**कार्यक्रम** ▶ अभिमन्यु बाल शाखा ने किया आयोजन

# उदयपुरा में मनाई आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती

**उदयपुरा, 16 नवंबर. महान स्वतंत्रता सेनानी समाज सुधारक आदिवासी संस्कृति व परंपरागत जीवन के संरक्षक और संवर्धक भारतीय जननायक भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती समारोह पर उदयपुरा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अभिमन्यु बाल शाखा द्वारा प्रभावी और दिव्य कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित आदिवासी बच्चों और प्रबुद्ध जनों द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया.**

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राम जानकी बड़ा मंदिर महंत कोठारी और मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व व्याख्याता प्रकाश नारायण राय की विशेष उपस्थिति महत्वपूर्ण रही. इस अवसर पर मुख्य वक्ता राय ने भगवान बिरसा मुंडा के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनका जीवन केवल एक महान जननायक के संघर्ष की गौरव गाथा नहीं, बल्कि साहस स्वाभिमान स्वधर्म और जनजातीय समाज के अधिकारों के जन अभियान से जुड़ा एक सशक्त जन आंदोलन है.



> मुख्य अतिथि राम जानकी बड़ा मंदिर के महंत कोठारी ने कहा बिरसा मुंडा की जयंती संपूर्ण भारतवर्ष में जनजाति गौरव दिवस के रूप मनाई जाती है, उनका त्यागमय जीवन अन्याय अत्याचार और शोषण के खिलाफ नौजवानों को कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ाने की प्रेरणा देता रहेगा. इस मौके पर प्रतिभाशाली छात्रों और बाल स्वयंसेवकों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया समारोह के सफल आयोजन में 'अभिमन्यु बाल शाखा' के स्वयंसेवकों का योगदान सराहनीय रहा.

# मैनिट में हुआ जनजातीय गौरव दिवस

**नवभारत प्रतिनिधि**
**भोपाल, 16 नवम्बर. भगवान बिरसा मुंडा के 150 वे जयंती के उपलक्ष्य में मैनिट संस्थान में जनजातीय स्वतंत्रता सेनानीयों और प्रकृति प्रभुत्व संस्कृति को समर्पित कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में जन जागरूकता फैलाने के लिए बेस्ट सेल्फी, कहानी लेखन, कविता लेखन, एक पौधा गोद लेना, पोस्टर प्रतियोगिता, जनजातीय नृत्य और कला प्रदर्शन जैसी कई गतिविधियां कराइ गई.**

जिसकी जानकारी जनजातीय गौरव दिवस संचालन के नोडल अधिकारी डॉ सुरेश कुमार गावरे द्वारा दी गई. कार्यक्रम में मैनिट के सभी छात्र, शिक्षक, अधिकारी और स्टाफ ने उत्साह के साथ भाग लिया। करीब 250 प्रतिभागियों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। साथ ही 15 नवम्बर को भगवान बिरसा मुंडा जी को माल्यार्पण कर उनकी 150 वीं जयंती भी मनाई। 1 से 15 नवम्बर तक चले इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों को डीन फैकल्टी वेलफेयर और इन चार्ज डायरेक्ट डॉ शैलेन्द्र जैन द्वारा सर्टिफिकेट एवं पुरस्कार भी दिया गया. इस अवसर जनजातीय समाज के गौरव शाली इतिहास से प्रेरणा लेकर प्रकृति प्रेम, साहस, और एकजुटता का संदेश देश के विकास के लिए दिया गया.

